सरकारी हाई स्कूल करेकट्टे चिन्नगिरी तालुका दावणगेरे जिला

द्वितीय संकलनात्मक मूल्यांकन : मार्च - 2025

विषय : हिंदी **कक्षा : नौवीं** **अंक : 80** **समय : 3 घंटे**

I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गए हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए: **8 × 1 = 8**

1. 'बालक' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है -

   (A) बालिका (B) बालकी (C) बाला (D) बाल

2. निम्नलिखित में से बहुवचन शब्द है -

   (A) डंडा (B) झंड़े (C) थाली (D) कहानी

3. 'पढ़ना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है -

   (A) पढ़ (B) पढ़ाना (C) पढ़वाना (D) पढ़ा

4. 'रोना' शब्द का विलोम शब्द है -

   (A) हँसना (B) हँसवाना (C) हँस (D) हँसाना

5. 'हाथ बढ़ाना' मुहावरे का अर्थ है -

   (A) भाग जाना (B) मदद करना (C) जिम्मेदारी लेना (D) शोर करना

6. निम्नलिखित में से 'गुण संधि' का उदाहरण है -

   (A) गणेश (B) कविंद्र (C) एकैक (D) नयन

7. तू इतने दिन कहाँ थी मौसी ? वाक्य में प्रयुक्त विराम चिन्ह है -

   (A) अल्पविराम (B) अर्ध विराम (C) पूर्ण विराम (D) प्रश्नवाचक

8. विभु नौवीं कक्षा .... पढ़ रहा था।

   रिक्त स्थान में सही कारक चिन्ह होगा -

   (A) से (B) में (C) पर (D) की

II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए:4×1= 4

9. स्वामी विवेकानंद की माता : भुवनेश्वरी देवी :: पिता :..........................

10. राजस्थान : रेत का प्रदेश :: मेघालय :..........................

11. भीम : मानव ::बकासुर :..........................

12. आम : धरती :: कमल :..........................

III. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** 4 × 1 = 4

13. किस कारण से बालक का खाना बंद कर दिया गया ?

14. मौसी सभी को किस समय में साथ देती थी ?

15. आज किसको बचाने की माँग है ?

16. हम अगर चाहें तो कहाँ राहें पैदा कर सकते हैं ?

IV. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** 8 × 2 = 16

17. भाई को बहन कैसे विदा करती है ?

18. बाबू भाई ने किन-किन से मदद माँगी ?

19. सूर्य से हमें क्या-क्या मिलता है ?

20. चेन्नम्मा को उनके पिता से कौन-कौन सी कलाएँ प्राप्त हुई थीं ?

21. हिमालय के बारे में कवि की भावना क्या है ?

22. पर्यावरण का महत्व समझाइए।

23. पूरा देश कल्पना चावला को प्यार से क्या कहते हैं ?

अथवा

कल्पना का जन्म कहाँ हुआ ? उनके पिता का नाम क्या था ?

24. प्रतिभागियों ने लड़के की मदद कैसे की ?

अथवा

कवि किससे विनती कर रहे हैं ? कवि कहाँ गंगा बहाना चाहते हैं ?

V. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :** 9 × 3 = 27

25. विवेकानंद ने भारतवासियों को क्या उपदेश दिया ?

26. मौसी के खुशी जीवन का वर्णन कीजिए।

27. 'माइती बाजार' के बारे में तीन वाक्य लिखिए।

28. विभु ने सड़क को सांत्वना देते हुए क्या कहा ?

29. एक से एक मिलने का परिणाम क्या होगा ?

30. चौराहों पर दिए गए संकेतों को विस्तार से बताइए।

31. के. आर. एस. नाम अपनी पहचान क्यों खो बैठी है ?

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

तरुवर फल नहीं खात है, सरवर पियहि न पान।
कहि रहीम परकाजहित, संपत्ति सँचहि सुजान।।

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में लिखिए।

हाँ बेटा बकासुर हम सब लोगों की रखवाली करता है, और उसके बदले में हमसे एक गाड़ी अन्न, दो भैंसे और एक मनुष्य लेता है।

VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छ: वाक्यों में लिखिए : 2 × 4 = 8

34. खेलों के प्रकार लिखते हुए कुछ उदाहरण दीजिए।

अथवा

पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों को क्या-क्या सुविधाएँ मिलती हैं ?

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

गति प्रबल ....
....
....
....
....
....
.... काम है।

VII. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 4 × 1 = 4

36. हिंदी साहित्य में आधुनिक काल को गद्यकाल कहा जाता है। आधुनिक काल का आरंभ भारतेंदु युग से माना जाता है। भारतेंदु हिंदी गद्य के जनक माने जाते हैं। भारतेंदु कविताओं की रचना की थी। रीतिकाल की भाषा ब्रज थी। भारतेंदु युगीन काव्य की भाषा ब्रज जो रही,पर खड़ीबोली धीरे-धीरे काव्य रूप लेने लगी।

अ) किस काल को हिंदी की गद्य काल कहा जाता है ?

आ) आधुनिक काल का आरंभ किस युग से माना जाता है ?

इ) हिंदी गद्य के जनक कौन है ?

ई) गद्य काल की काव्य भाषा कौन सी है ?

VIII. दिये गये संकेत बिन्दुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय पर निबंध लिखिए: 1 × 4 = 4

37. (क) पुस्तकों का महत्व :

* विषय प्रवेश
* लाभ / प्रभाव
* पुस्तकें किसी देश की अमर निधि होती है
* मनुष्य का मित्र
* उपसंहार

(ख) खेल का महत्व :

* विषय प्रवेश
* खेलों के प्रकार
* पुरस्कार
* खेल का महत्व
* उपसंहार

(ग) इंटरनेट का उपयोग :

* विषय प्रवेश
* अर्थ
* लाभ
* हानि
* उपसंहार

IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : **1 × 5 = 5**

38. भाई के विवाह में शामिल होने के कारण बताते हुए तीन दिन की छुट्टी माँगकर अपने प्रधानाध्यापक को पत्र लिखिए।

अथवा

पढ़ाई की प्रगति के बारे में बताते हुए अपने पिताजी के नाम पत्र लिखिए।

****